## नागरिकों ने लिया न गंदगी करेंगे, न करने देंगे का संकल्प

# जबलपुर को देश में अव्वल बनाने महापौर की अगुवाई में निकली स्वच्छता साइकिल रैली

**साइकिल रैली के साथ-साथ महापौर, निगमाध्यक्ष और निगमायुक्त ने स्वच्छता टीम के सदस्यों के साथ लगाई झाड़ू, की पेंटिंग**

**प्रधानमंत्री मोदी जी के आव्हान पर देश की आर्थिक तरक्की और पर्यावरण को बढ़ावा देने ईंधन बचत का भी साइकिल रैली से दिया संदेश**

**सर्वेक्षण में पूरे देश में जबलपुर का नाम अव्वल स्थान पर लाने नागरिकों को किया जागरूक**



**जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत संस्कारधानी जबलपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के लिए रविवार को एक ऐतिहासिक और ऊर्जावान शुरुआत हुई। आज दिनांक 17 मई 2026 को सुबह 06:30 बजे नगर निगम मुख्यालय से महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की अगुवाई में एक विशाल स्वच्छता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।**

इस रैली का समापन सिविल लाइन स्थित सतपुड़ा क्लब के सामने हुआ, जहाँ नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। महापौर श्री अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज एवं निगमायुक्त श्री अहिरवार ने इस मौके पर स्वयं मिसाल पेश करते हुए न केवल साइकिल चलाई, बल्कि हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छता श्रमदान भी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने शहर की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग भी बनाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के देशव्यापी आह्वान के अनुरूप साइकिल रैली के माध्यम से ईंधन बचाने, प्रदूषण कम करने और देश की आर्थिक तरक्की में योगदान देने का संदेश दिया गया।

साइकिल रैली के समापन के गरिमामयी अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने उपस्थित सभी जनों और शहर के देवतुल्य नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जबलपुर हमारा घर है और इसे स्वच्छ रखना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। हम संकल्प लेते हैं कि न खुद गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।

### लाइटिंग, ग्रीनरी और 24 घंटे में स्थल का कायाकल्प

शहर के विकास और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए महापौर ने आगे की योजनाओं पर विशेष जोर दिया। शहर के प्रमुख इस स्थल रेलवे स्टेशन मार्ग को हरी-भरी हरियाली ग्रीनरी और आधुनिक लाइटिंग से सजाया जाएगा। शहर में स्वच्छता के नए नवाचारों और पेंटिंग के जरिए 24 घंटों के भीतर समापन स्थल का कायाकल्प करने की प्रतिबद्धता जताई।

### देवतुल्य नागरिकों से स्वच्छता में जबलपुर को देश में नंबर 1 बनने की अपील

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जबलपुर के सम्माननीय नागरिकों को बताते हुए भावुक अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में हर व्यक्ति अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि देश के मानचित्र पर जबलपुर का नाम अव्वल स्थान पर लाने के लिए जन-आंदोलन की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और शहर के गौरव को बढ़ाने वाली इस रैली ने पूरे जबलपुर में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर दिया है। स्वच्छता साइकिल रैली में नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों साहित सैंकड़ो की संख्या में नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।



# शहर मकान सूचीकरण का काम तेज

## समय से पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले अधिकारी सम्मानित

**जबलपुर।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में चल रहे मकानों की गणना और मकान सूचीकरण प्रथम चरण के कार्य में निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में बड़ी सफलता देखने को मिली है। कुल 16 चार्ज क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान के दौरान कई अधिकारियों ने समय सीमा से पहले ही अपना 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर एक बेहतरीन मिसाल पेश की है।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान-**आज नगर निगम में आयोजित एक विशेष समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने वाले चार्ज अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिसमे सुरेन्द्र मिश्रा चार्ज क्र. 07 अधारताल, पंकज अवस्थी चार्ज क्र. 03 रामपुर, अनुपम शुक्ला चार्ज क्र. 05 बल्देवबाग, जागेन्द्र सिंह चार्ज क्र. 09 लालमाटी के नाम हैं। इन अधिकारियों को उनकी कर्मठता और समय से पूर्व शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं अपर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी मनोज श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया।

**शेष अधिकारियों को 18 मई तक का दिया गया समय -**इस सकारात्मक प्रगति को देखते हुए अन्य बचे हुए चार्ज अधिकारियों को भी प्रेरित किया गया है और उन्हें दिनांक 18 मई 2026 तक अपना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रथम चरण का यह महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह से और समय पर संपन्न हो सके।

**समारोह में अधिकारियों की रही उपस्थिति-** कार्य की प्रगति की समीक्षा करने और अधिकारियों का हौसला बढ़ाने के लिए बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ जनगणना निदेशालय भोपाल से मनोज नाथानी, अशोक चौबे एवं मास्टर ट्रेनर डॉ चंद्रशेखर राजहंस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही, जनगणना सेल नगर निगम जबलपुर से हरनारायण पटेल, राजेश बमनेल, राजेश पासी एवं विकास खरे सहित सभी चार्ज अधिकारी और लिपिक भी उपस्थित रहे।

## स्मृति दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित

# स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर पत्रकार थे पं. कुंजबिहारी पाठक



**जबलपुर।** "स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक ने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, वरन उर्दू एवं हिंदी के विद्वान और प्रखर पत्रकार होने के नाते उन्होंने आम आदमी के हृदय में भी देश भक्ति की भावना भरकर उन्हें स्वतंत्रता आन्दोलन से जोड़ा।" उपरोक्त आशय के विचार गोलबाजार स्थित अमर शहीद स्मृति मेला के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित पं. कुंजबिहारी पाठक स्मृति समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कौशल्या गौंटिया थीं। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अंशुमन शुक्ला ने की। विशिष्ठ वक्ता जादूगर एस.के. निगम ने पाठक जी से जुड़े संस्मरण व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के धर्म का पालन किया। लायन नरेंद्र जैन ने उनके साहित्यिक अवदान एवं कलम की प्रखरता पर चर्चा की। विक्रम परवार सहित कमलेश यादव, सुधा जायसवाल, संध्या जायसवाल, विमला श्रीवास्तव ने पाठक जी के चित्र के साथ अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत ओ.पी. तिवारी, सुधीर पाठक, मधु पाठक, राजीव गुप्ता, रीता पाठक, प्रदीप जैन, भीम सिंह दीवान, अंजन कुमार आदि ने मोतियों की माला से किया। प्रारंभ में वरिष्ठ साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव ने पाठक जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाठक जी जैसी विभूतियों के जीवन दर्शन से वर्तमान पीढ़ी को शिक्षा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अवनी धनोप्या ने भक्ति गीत एवं गुंजन के कलाकारों ने लोक संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' आभार विजय जायसवाल एवं इंदिरा पाठक तिवारी ने व्यक्त किया। समारोह में गूँजनकला सदन, पाथेय संस्था की सहभागिता रही।

### 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन में ट्रिपिंग का कारण दूर, बड़ा हादसा टला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के दमोह संभाग द्वारा 220 केवी दमोह-टीकमगढ़ ट्रांसमिशन लाइन में हुई ट्रिपिंग की जांच हेतु विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। जांच में पाया गया कि जबलपुर नाका क्षेत्र में एक मकान की छत पर बन रही बाउंड्री एवं छज्जा ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सुरक्षा कारीडोर के अत्यधिक निकट आ गया था, जिससे ट्रिपिंग की स्थिति उत्पन्न हुई।

कार्यपालन अभियंता एस.के. मुड़ा के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर सहमति से निर्माण का खतरनाक हिस्सा हटवाया, जिससे लाइन को सुरक्षित दूरी उपलब्ध कराई जा सकी और संभावित हादसा टल गया।

## होटल पंचवटी गौरव में लिये गये सेम्पल

# दुर्गंध मारते भोजन पर खाद्य विभाग ने की कड़ी कार्यवाही

**जबलपुर। सिविक सेंटर स्थित होटल पंचवटी गौरव में खाद्य विभाग ने रविवार को छापा मारा. विभाग में बरसैयां परिवार द्वारा दूषित और बदबूदार खाना परोसे जाने की शिकायत मिली थी।**

शिकायत मिलते ही विभाग की टीम ने तत्काल एक्शन लिया और होटल में दबिश देकर खाद्य पदार्थों के सैंपल सील किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया रविार दोपहर 4.30 बजे बरसैयां परिवार द्वारा दूषित भोजन परोसे जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। टीम ने होटल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। होटल पंचवटी गौरव पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने वहां मौजूद मैनेजर और शिकायतकर्ता बरसैयां परिवार से बात की। गोविंददास बरसैयां ने टीम को बताया कि होटल में उन्हें जो पूरनपुरी, आमरस और ढोकला परोसा गया था, उससे भयंकर दुर्गंध आ रही थी, जो खाने योग्य बिल्कुल नहीं था। बरसैयां परिवार के अनुरोध पर टीम ने इन तीनों खाद्य पदार्थों के बचे हुए हिस्से को जब्त कर जांच के लिए सील कर दिया। टीम ने दूषित भोजन का सेम्पल तैयार किया और सीलबंद कर जांच के लिये भेज दिया।

### इंदौर एमपी स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में नगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** किक बॉक्सिंग एसोसिएशन जबलपुर की अध्यक्ष ज्योत्सना सिंह ठाकुर, महासचिव रामकिशोर सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर के स्थानीय स्कूल किड्स कॉलेज में 08 से 10 मई तक एम.पी. स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 01 गोल्ड, 02 सिल्वर और 04 कांस्य पदक अपने नाम किए। जिसमें उत्कर्ष कुमार जैन ने अंडर 9 में 30 kg. में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान हर्षवर्धन रेड्डी अंडर 9 में 31 kg., विवेक बर्मन अंडर 16 में 70 kg. एवं तृतीय स्थान गौरी शुक्ला अंडर 15 में 46 kg., शिवानी कुशवाहा अंडर 9 में 24 kg., रागिनी कुशवाहा अंडर 9 में 22 kg. में स्थान प्राप्त किया, जबलपुर जिला किक बॉक्सिंग के कोच नरेन्द्र सोनकर के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलता पाई। इस अवसर पर जीते हुए खिलाड़ियों को किक बॉक्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योत्सना सिंह ठाकुर, महासचिव रामकिशोर सोनी, लक्ष्मी क्षेत्री, प्रकृति क्षेत्री, अमर कदम ने बधाई प्रेषित की है।

### प्रशिक्षण के लिए भोपाल पहुंचे जेडीए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मप्र के निगम, मंडल, बोर्ड आयोग एवं प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अटल बिहारी बाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल में सोमवार 18 मई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने रविवार रात्रि में 11.30 बजे ओवर नाइट एक्सप्रेस से भोपाल रवाना हुए।

**जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद मुकीमा अंसारी कल से भूख हड़ताल पर**

**जबलपुर।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र एवं डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की पेयजल एवं साफ सफाई, जल प्लावन, स्कूल निर्माण एवं रुके हुए विकास कार्य व 15 सूत्रीय मांगों को लेकर 19 मई से दमोहनाका नगर निगम कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है।

### रीवा-इतवारी-रीवा ट्रेन को स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर मिला प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक ट्रेन का स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा दिनांक 16 मई 2026 से मिलने लगी है।रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की जानकारी-गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) ट्रेन दिनांक 16 मई 2026 से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 19:51/19:52 बजे रुकने लगी है। वहीं गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार) ट्रेन दिनांक 18 मई 2026 से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:44/04:45 बजे रहेगा।

# बसपा ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन



**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी जबलपुर 97 पूर्व विधानसभा क्षेत्र का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन 17 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से संत रविदास भवन भानतलैया नगर निगम जोन क्र-8 में आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि बालकिशन चौधरी पूर्व केन्द्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर, विशिष्ट अतिथि एड. लखन अहिरवार जिलाध्यक्ष, सुरेश वंशकार जिला उपाध्यक्ष, मुन्ना सतनामी नगर महासचिव, रत्नेश सिंह, सिकंदर अली, रामसेवक बिरहा, राजेन्द्र कोरी, लक्ष्मण चौधरी, लक्ष्मन समुद्रे रहे, अध्यक्षता एड. सुरजीत मयंक चौधरी ने की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद वरिष्ठ बसपा नेता शरण चौधरी, प्रकाश गौतेल आदि ने किया। सम्मेलन में आगामी 28 मई को बसपा के प्रदेश प्रभारी एड. दिलीप बौद्ध, पीसी मंडेलिया, प्रदेश प्रभारियों के आगमन पर जबलपुर लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में पूर्व विधानसभा के सभी 22 वार्डों के हजारों बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा सदर कॉलेज में मनाया गया वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे

**जबलपुर।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा सदर स्थित **collage** में विशेष संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर के कारण, उसके सामान्य पैरामीटर्स एवं उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि अनियमित जीवनशैली, अत्यधिक तनाव, जंक फूड, अधिक नमक का सेवन, व्यायाम की कमी, धूम्रपान एवं नशे की आदतें हाइपरटेंशन के प्रमुख कारण हैं। चिकित्सकों ने बताया कि सामान्य रक्तचाप 120/80 **mmHg** माना जाता है, जबकि लगातार 140/90 **mmHg** या उससे अधिक रक्तचाप रहने पर व्यक्ति हाइपरटेंशन से प्रभावित माना जाता है। समय पर जांच और उपचार न होने पर यह बीमारी हृदय रोग, ब्रेन स्ट्रोक एवं किडनी संबंधी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। संगोष्ठी में लोगों को नियमित बीपी जांच कराने, संतुलित भोजन करने, प्रतिदिन योग एवं व्यायाम अपनाने, तनाव कम रखने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। इस दौरान सीपीआर (**Cardio Pulmonary Resuscitation**) की सही तकनीक का भी प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अजय वाधवानी, डॉ. आनंद बहरानी, जय रोहानी, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. अभिषेक जैन एवं एड. भावना निगम, सुन्दर अग्रवाल (समाजसेवी ), एड. आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम को सभी ने अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

## हिंदी लेखिका संघ का वार्षिकोत्सव संपन्न युगबोध का सृजन कर रही हैं महिला रचनाकार

# दिखा साहित्य, संगीत और सम्मान का संगम




**जबलपुर।** हिंदी लेखिका संघ, मध्य प्रदेश (जबलपुर इकाई) का 'वार्षिक महोत्सव' अत्यंत गरिमामय वातावरण में कला वीथिका में सम्पन्न हुआ। गीतों की मधुर गूँज, नृत्य की थिरकन और साहित्यकारों के सम्मान से सजी इस शाम ने सांस्कृतिक गौरव को एक नई ऊँचाई प्रदान की।समारोह की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे एवं सारस्वत अतिथि के रूप में राजेश पाठक 'प्रवीण' थे। विशिष्ट अतिथि कीर्ति अभिलाष पांडे, इंदिरा पाठक तिवारी ने भी विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि महिला रचनाकरों ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए युगबोध का सृजन किया है। साइवर टीआई भावना तिवारी ने साइवर जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लालच में न आएं, भय से दूर रहें।संघ की वार्षिक पत्रिका 'वामा शिल्प' तथा डॉ. कामना कौस्तुभ की कृति 'जीवन का कैनवास' (लघुकथा संग्रह) का विमोचन अतिथियों के साथ लेखिका संघ के पदाधिकारियों ने किया।संस्था द्वारा समाज और साहित्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिसमें डॉ. गायत्री तिवारी स्मृति सम्मान ई. अर्चना नायडू (भोपाल), डॉ. प्रार्थना अर्गल स्मृति सम्मान डॉ. भावना शुक्ल (नोएडा), बाल प्रतिभा सम्मान सुश्री यशिका ईशानी, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सेवाओं हेतु डॉ. अपूर्वा तिवारी, अनामिका कुमारी, डॉ. रूपाली मित्तल एवं डॉ. शिव कुमार सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। संस्था सलाहकार अर्चना मलैया, अध्यक्ष डॉ. कामना कौस्तुभ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संघ की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कामना कौस्तुभ, डॉ. मुकुल तिवारी एवं उमा मिश्रा 'प्रीति' ने संयुक्त रूप से किया। अंत में आभार प्रदर्शन अलका पटेल द्वारा किया गया।इस अवसर पर अर्चना मलैया (कार्यक्रम सलाहकार), सीमा बादल स्वामी (कोषाध्यक्ष), आशीष शुक्ला, कृष्णकांत दीक्षित, विवेक तिवारी, रश्मि पाठक, मोहिनी तिवारी, मनीषा गौतम, डॉ. आशा रानी, प्रीति नामदेव, तरुणा खरे सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 'पाथेय समूह' का विशेष सहयोग रहा। आरती नृत्य कला केंद्र से अक्षरा साहू, अतिशी श्रीवास्तव, दीक्षा कुमारी, पलाक्षा ने आरती श्रीवास्तव के निर्देशन में सामूहिक नृत्य से मोहित किया।

# धार्मिक उन्माद फ़ैलाने वालों पर हो रासुका की कार्रवाई

## भोपाल में युवक से मारपीट और धार्मिक टिप्पणी मामले में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विगत दिनों एक युवक के साथ कथित मारपीट, अपमानजनक व्यवहार और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोपों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला 10 मई का है, जहां बजरंगदल क़े लोगों पर आरोप है कि उन्होंने एक मुस्लिम युवक को होटल से बाहर निकालकर उस पर "लव जिहाद" का आरोप लगाया। मुस्लिम युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, उसके चेहरे पर काली सियाही और गोबर पोता गया तथा सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। वीडियो में कथित तौर पर धार्मिक टिप्पणी और आपत्तिजनक नारेबाजी भी क़ी गई है जिससे धर्म विशेष की भावनाएं आहत हुई हैं जिसके विरोध में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर ऋषभ जैन को सौंपकर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता मो. सलीम खान व शफी खान ने कहा कि भोपाल में



जिस प्रकार की घटना घटित हुई तथा जिस प्रकार एक धर्म विशेष, विशेषकर मुस्लिम समुदाय, इस्लाम और अल्लाह के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक, अशोभनीय एवं भड़काऊ शब्दों का प्रयोग किया गया, वह न केवल सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी प्रतिकूल है, भारत एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और संवैधानिक राष्ट्र है, जहाँ प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म, आस्था और उपासना की स्वतंत्रता प्राप्त है। किसी भी धर्म, धार्मिक प्रतीक, ईश्वर या समुदाय के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग न केवल सामाजिक शांति को भंग करता है, बल्कि समाज में वैमनस्य और तनाव उत्पन्न करने का कार्य करता है। भोपाल की हालिया घटना ने पूरे प्रदेश के नागरिकों, विशेषकर मुस्लिम समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है। यह केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि संविधान, भाईचारे और सामाजिक समरसता का भी अपमान है। यदि ऐसे तत्वों पर समय रहते कठोर और निष्पक्ष कार्वाई नहीं की गई, तो इससे प्रदेश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। हमारी मांग है कि धार्मिक उन्माद फ़ैलाने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई की जाये ताकि हमारे देश, प्रदेश में आपसी एकता अखंडता बनी रहे तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपते समय अधिवक्ता मो. सलीम खान, मुईन खान, अदनान अंसारी, जानी खान, शफी खान, शाहिद अली, शाहजाद खान, अख्तर अली, मो. इमरान, एम.एच. चौधरी, सलामुद्दीन मंसूरी, आबिद मंसूरी, ए.के. अशरफी, मकसूद नबी, सोहिब खान सहित अन्य मौजूद थे।



## पुलिस संरक्षण में जमीन कब्जाने का आरोप

### शिकायत देकर एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र से पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। काकरदेही निवासी इन्द्र कुमार ने पुलिस महानिदेशक (DGP) के नाम एक शिकायत तैयार कर उसे जबलपुर SP कार्यालय में सौंपते हुए अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित का आरोप है कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद दबंग आरोपियों द्वारा उनकी तीन एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। शिकायत में रामनरेश सिंह, सौरभ, अंकुश और वंदना बाई पर धमकी देकर खेत और फसल पर कब्जा करने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं शिकायत में पुलिस विभाग से जुड़े रमेश सिंह, सतीश सिंह और मझौली थाना के मुकेश ठाकुर पर भी आरोपियों का साथ देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित का कहना है कि खेत में बोई गई मूंग की फसल को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा रही है और लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

इन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों को गंभीर अपराध की बजाय सामान्य NCR में बदल दिया गया और डॉयल 112 पर भी समय पर सहायता नहीं मिली। पीड़ित ने मांग की है कि सिविल कोर्ट में विचाराधीन जमीन पर निष्पक्ष सुरक्षा दी जाए, आरोपियों को जमीन और फसल से दूर रखा जाए, दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई हो और पूरे मामले में FIR दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।फिलहाल DGP के नाम SP कार्यालय में दी गई इस शिकायत के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। अब देखना होगा कि पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा कब तक मिल पाती है।

# हज यात्रा पर हाजियों का आखिरी जत्था रवाना

**जबलपुर।** पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद सैय्यद ताहिर अली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज हज यात्रा का आखिरी जत्था हज यात्रा पर रवाना हुआ, इस जत्थे पर पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पांच हज यात्री रवाना हुए जिसमें हाजी मुबीन खान, शगुफ्ता खान, मदीना फातिमा, उबैश खान, नूर खान, अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) स्थित आज हज यात्रा पर रवाना हुए। हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों का जत्था आज जबलपुर से रवाना हुआ, गरीबरथ एक्सप्रेस द्वारा मुंबई के लिए प्रस्थान किए, जहां से वे आगे हज यात्रा पर रवाना होंगे। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर विदाई देने पहुंचे लोगों ने हाजियों का फूल-



मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनकी सुखद व सफल यात्रा के लिए दुआएं कीं। विदाई देने वालों में पूर्व पार्षद ताहिर अली, एडवोकेट अबरार अहमद, इफ्तिखार अंसारी, वसीम खान, इरफान रिजवी, उवैश अंसारी, जाफ़र ख़ान, तनवीर, अशरफ़ मुईन, शमीम खान, अहमद रज़ा, बाबू,गुल्ला, कमर, परवेज, अनवर अंसारी, शकील अंसारी, डीएम मासाब, इकबाल भाई, अन्नू,दिलशाद भाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## हाथीताल में श्रीमद्भागवत कथा का शोभायात्रा से हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** श्री आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कैलाशपुरी हाथीताल में किया जा रहा है, इस संदर्भ में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ विशाल कलश शोभायात्रा से किया गया। कथा वाचक साकेत वासी श्रीमद् नरसिंह पीठ स्वामी श्याम देवाचार्य महाराज के मुखारबिंदों से कथा का शुभारंभ हुआ, यह कथा 14 मई से 21 मई तक कैलाशपुरी हाथीताल में चलेगी, अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री आदर्श केसरवानी वैश्य समाज संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर हरिवंश गुप्ता, बनवारी गुप्ता, संतोष गुप्ता, गोपाल गुप्ता, कांत गुप्ता, मिश्रीलाल गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, उग्रसेन गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दीपचंद्र केशरवानी, ख़ुशी गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जिम प्रीमियर लीग का शुभारंभ खेल फिटनेस का जुनून

**जबलपुर।** जे.जी.पी.एल. जबलपुर जिम प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ 11 मई 2026 से लाल मैदान में हुआ, यह शानदार नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतिदिन रात 7 बजे के बाद खेला जा रहा है, जो 18 मई 2026 तक जारी रहेगा, शहर की विभिन्न जिम की क्रिकेट टीमों की भागीदारी से यह प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश, दमदार बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। हर मुकाबले में खिलाड़ियों के बीच जीत का जुनून और खेल भावना देखने लायक है। टूर्नामेंट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं, जिससे संजीवनी नगर लाल मैदान का माहौल पूरी तरह खेलमय और उत्साहपूर्ण बना हुआ है। रात की रोशनी में खेले जा रहे मुकाबले




टूर्नामेंट की भव्यता को और भी खास बना रहे हैं, आयोजन समिति के सदस्य अंशुल सोनकर, अभिषेक, संतोषी, आकाश सोनकर, देवेन्द्र सिंह, लोकेश, अनिकेत, रितेश लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस, खेल और अनुशासन के प्रति प्रेरित करना है, शहर में पहली बार जिम और खेल जगत को एक साथ जोड़ने वाला यह आयोजन युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। आने वाले मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है ।

## बरखा पटेल बनीं केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारी

जबलपुर। बरखा पटेल ने Nursing Officer Recruitment Common Eligibility Test (NORCET)-10 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारी के गरिमामयी पद पर चयन प्राप्त किया है। यह सफलता केवल बरखा की नहीं, अपितु पूरे परिवार, समाज एवं जबलपुर अंचल के लिए गौरव का विषय है। अपनी कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण से बरखा ने नीरज सिंह विधायक बरगी के विधानसभा की बेटियों के प्रति समर्पित भाव को सिद्ध कर दिया कि "बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, बेटियां किसी से कम नहीं"। ग्राम पड़आ की बेटी अब देश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में अपना योगदान देगी। बरखा की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें भी बड़े सपने देखने व उन्हें साकार करने का हौसला देगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि बिटिया बरखा पटेल इसी प्रकार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें और अपने सेवा-भाव से समाज एवं राष्ट्र की सेवा करे और नाम रोशन करें। समस्त परिवारजनों, इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं।

## ग्रामीण अध्यक्ष पद पर जितेंद्र पाठक जित्तू नियुक्ति

**पाटन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निकेश चौहान एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी के जिला ग्रामीण



अध्यक्ष पद पर जितेंद्र पाठक जित्तू की नियुक्ति की गई। नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया एवं नियुक्ति पर बधाइयां दी गई। बधाई देने वाले कांग्रेसी नेता राजेश तिवारी ठाकुर विक्रम सिंह संजय गुरु राजेश मिश्रा संजय यादव संदीप सिंघई संदीप गुरु जमील खान खुमान यादव धीरज यादव द्वारा बधाई दी गई

## विश्व हाइपरटेंशन डे पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल परिवार ने किया रक्तदान

**जबलपुर।** विश्व हाइपरटेंशन डे के उपलक्ष्य पर आज गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में केयर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पराज पटेल ने स्वयं रक्तदान कर समाज को मानव सेवा और जागरूकता का संदेश दिया।डॉ. पटेल ने कहा कि "रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।" उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल दूसरे की जान बचती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इस अवसर पर करीब 25 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।इस अवसर पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के सभी सदस्यों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान हृदयरोग



विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल ने लोगों को हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया।गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल परिवार द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य सामाजिक सरोकार और मानवता के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बना। इस अवसर पर केयर ब्लड सेंटर के डॉ. अंशु होटानी,अंकित चौधरी, हेमन्त कुमार बड़गैया, सुरेंद्र पटले, अंकित साहू, आशुतोष, डॉ. प्रदीप पटेल आदि उपस्थित रहे।



## भाटादौन में हिरन नदी रथ यात्रा का आगाज

सिहोरा। नदी जल संरक्षण संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मां हिरन नदी रथ यात्रा का आगमन भाटादौन ग्राम पंचायत मे पुष्पराज सिंह बघेल,सीईओ आशा पटले के नेतृत्व में ग्राम सरपंच प्रदीप श्रीवास,सचिव मनोज पटेल,सहायक सचिव नीतू चौबे के कुशल संयोजन में हुआ। रथ यात्रा का स्वागत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एंव के सदस्यों ने कलश एवं मंगलाचर के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला सामान्यक जी डी रायपुरिया,नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली आदि ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से ध्वज पूजन एवं हिरन नदी का पूजन कर जन मानस के बीच जल गंगा संवर्धन जन जागरूकता अभियान के विषय में संवाद स्थापित कर बूंद बूंद जल बचाने हेतु जल शपथ दिलाई गई।।इस अवसर पर संजय तिवारी, संतोष पहारिया,दीपक विश्वकर्मा,जमुना पटेल संदीप श्रीवास,कृष्ण कुमार श्रीवास,जितेंद्र पटेल, रजनीश पटेल,शिवकुमार पटेल,नरेंद्र मिश्रा,दिलीप तिवारी,महेश मल्ला,देवकीनंदन श्रीवास,सुनील कोरी अवधेश दाहिया,अनीता दाहिया आदि उपस्थित थे।

**श्री सुभाष जैन-** गोरखपुर नर्मदा रोड निवासी श्री सुभाष जैन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बीना चौधरी-** कछपुरा गढ़ा रायल अस्पताल के पीछे निवासी श्री बाबुल कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बीना चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई बेन-** रामपुर आजाद चौक बेन मोहल्ला निवासी श्री मेवालाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई बेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती भागवती अहिरवार-** तिलहरी विस्थापित बस्ती फेस 1 निवासी श्री बाबू लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती अहिरवार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जीवन लाल रैकवार के पुत्र श्री अरूण कुमार रैकवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती देवी सोनी-** उमरिया कुंडम रोड निवासी श्री भीम सिंह सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती देवी सोनी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चिंता प्रजापति-** कुम्हार मोहल्ला बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री लक्ष्मण प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती चिंता प्रजापति (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री महेश रजक- रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन एल्गिन अस्पताल के सामने निवासी श्री लोकमन रजक के पुत्र श्री महेश रजक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 1x5 से.मी. ब्लैक&व्हाइट 300/-
सिंगल साइज:- 1x5 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

**श्रीमती हिया कोरी-** तेल मिल के पास शीतलामाई नेहरू वार्ड निवासी श्री आशीष




कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती हिया कोरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव प्रसाद अहिरवार-** चौथ वाले बाबा के पास पश्चिमी करियापाथर निवासी श्री शिव प्रसाद अहिरवार (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश ठाकुर-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री प्रकाश ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश झा-** गांधी व्यायाम शाला के पास रांझी निवासी श्री रमेश झा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काशी बाई बेन-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री राम दयाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई बेन (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मंगलदीप केवट-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री मंगलदीप केवट (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा शर्मा-** अवंती विहार रामनगर रामपुर निवासी श्री राजीव रत्न शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा शर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश कुमार वर्मा-** समदड़िया विहार कॉलोनी पूर्व शीला टाकीज के पास निवासी श्री राजेश कुमार वर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद झारिया-** मदनमहल बेदी नगर छुई खदान निवासी श्री चेतराम झारिया के पुत्र श्री गोविंद झारिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# चिलचिलाती धूप में एकत्र किया 63 यूनिट रक्त

### लफ्ज वेलफेयर ने किया शिविर का आयोजन




**सिहोरा।** चिलचिलाती धूप भी रक्तवीरों का उत्साह कम न कर सकी इस भीषण गर्मी में जब कोई घर से बाहर तक नहीं निकलता है तब ऐसे समय में लफ्ज वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा बी डी हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित रक्त सहभागिता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 63 रक्तवीरों ने अपना रक्त देकर वाकई महान कार्य किया यह रक्त बहुत से लोगों को जीवन प्रदान करेगा। आयोजन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच जिसमें थैलेसीमिया,बी पी, शुगर आदि जांच का भी लोगो ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में विक्टोरिया ब्लड बैंक जबलपुर व आयुष्मान हॉस्पिटल की टीम ने स्वास्थ शिविर में आए लोगों की जांच की। ,रेडक्रॉस से सुनील,विक्टोरिया से मुकेश मिश्रा,राहुल,अंशुल आदि सिहोरा से अनिल जैन,राजेश दाहिया,अजय बेटू शर्मा,विकाश तिवारी,मनोज तिवारी के साथ लफ्ज वेलफेयर के सदस्य सौरभ, अंकुर जैन, गोलू खान, राहुल पहारिया, विकाश दाहिया, वरुण, विनोद, हार्दिक, रोहित, सुरेंद्र कपिल आदि लोगों ने उपस्थिति होकर सहयोग प्रदान किया।

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र./307/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीता बाई पति स्व. कृष्ण कुमार साहू निवासी 2223 न्यू कंचनपुर अधारताल जबलपुर ने नजूल रकवा 2400 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प. ह.नं. 22/25 नया 02 खसरा नं. 299/2/11 रकवा 2400 व.फु./हे. पर विक्रयपत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक मृत्यु दिनांक 28/11/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल रकवा 2400 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं. 22/25 नया 02 खसरा नं. 299/2/11 रकवा 2400 व.फु./हे. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 07/05/2026
पेशी दिनांक- 25/05/2026

तहसीलदार, रांझी जबलपुर

# सड़ते ट्रैक, सोता प्रशासनः सतना रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर-1 बना 'कचरा घर'







## स्वच्छ भारत और 'कायाकल्प' के दावों की उड़ीं धज्जियां,वीआईपी प्लेटफॉर्म पर पसरी गंदगी से यात्रियों का सांस लेना हुआ दूभर

सतना।

स्वच्छ भारत अभियान और रेलवे के 'कायाकल्प' के बड़े-बड़े दावों की धज्जियां उड़ानी हो, तो सतना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर चले आइए। वीआईपी प्लेटफॉर्म कहे जाने वाले इस ट्रैक पर फैली भारी गंदगी और सड़ते कचरे ने यात्रियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्टेशन के सबसे मुख्य हिस्से में पसरी यह गंदगी रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता को खुलेआम बयां कर रही है।

**गंदगी का अंबार,बदबू से हाल बेहाल**

प्लेटफॉर्म नंबर एक पर जैसे ही कोई ट्रेन आकर रुकती है,यात्रियों का स्वागत दूर तक फैली बदबू और ट्रैक पर जमा प्लास्टिक,जूठन और सड़ते हुए कचरे से होता है। भीषण गर्मी के इस मौसम में स्थिति और ज्यादा नारकीय हो चुकी है। जमीनी हकीकत पर नजर डालें तो स्थिति बेहद चिंताजनक है।

**सांस लेना दूभरः**

प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों को मुंह पर कपड़ा ढककर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। बीमारियों को न्योताः पटरियों पर सड़ रहा कचरा मच्छरों और भयंकर संक्रमण को दावत दे रहा है, जिससे महामारी का खतरा मंडरा रहा है।

**दिखावे की सफाईः** सफाई के नाम पर लाखों रुपये का टेंडर होने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शून्य नजर आ रहा है। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

**वीआईपी प्लेटफॉर्म का यह हाल,तो बाकी भगवान भरोसे!** आमतौर पर किसी भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक को सबसे ज्यादा साफ और सुसज्जित रखा जाता है,क्योंकि अधिकारियों से लेकर वीआईपी तक का मूवमेंट इसी प्लेटफॉर्म पर होता है। लेकिन सतना स्टेशन के इस ट्रैक को देखकर लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने एयरकंडीशनर कमरों से बाहर निकलकर धरातल की हकीकत देखना ही नहीं चाहते।

**अंतिम चेतावनीः** कुंभकर्णी नींद से जागे प्रशासन

रेलवे प्रशासन को अब इस कुंभकर्णी नींद से जागना होगा। अगर जल्द ही इस भारी गंदगी को साफ कर ट्रैक को दुरुस्त नहीं किया गया,तो सतना स्टेशन स्वच्छ रेल की राष्ट्रीय रैंकिंग में तो फिसलेगा ही,साथ ही यह लापरवाही यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ साबित होगी। स्थानीय जनता अब इस मामले में डीआरएम से सीधे हस्तक्षेप की मांग कर रही है।

**यात्रियों का फूटा गुस्सा**

रेलवे टिकट के दाम लगातार बढ़ा रहा है,लेकिन सुविधाओं और सफाई के नाम पर यात्रियों को सिर्फ नरकीय स्थिति मिल रही है। प्लेटफॉर्म पर 10 मिनट खड़ा होना भी किसी सजा जैसा लगता है। बदबू के मारे सिर फटने लगता है।

**एक आक्रोशित यात्री सतना स्टेशन**

## हाइट टाइगर सफारी डायरेक्टर के आवास पर पकड़ी गई बिजली चोरी

**मैहर।** मैहर जिले में बिजली कंपनी की विजिलेंस टीम ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए व्हाइट टाइगर सफारी के डायरेक्टर के आवास पर बिजली चोरी पकड़ी है।जांच के दौरान टीम ने डायरेक्ट कटिया फांसकर बिजली उपयोग किए जाने का मामला सामने आने पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर करीब 45 हजार रुपये की रिकवरी निकाली है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई विजिलेंस जेई राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। टीम ने मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी के डायरेक्टर रामेश्वर टेकाम के सरकारी आवास पर जांच की,जहां कथित रूप से अवैध तरीके से बिजली उपयोग किए जाने के प्रमाण मिले। मौके पर टीम ने कनेक्शन की जांच कर पंचनामा तैयार किया और विद्युत चोरी का मामला दर्ज किया गया। विजिलेंस अधिकारियों के मुताबिक आवास में सीधे लाइन जोड़कर बिजली उपयोग की जा रही थी। जांच के बाद नियमानुसार जुर्माना निर्धारित कर वसूली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी नियमों के उल्लंघन की छूट नहीं दी जाएगी।

## नशे में डॉक्टर का हाई वोल्टेज ड्रामा

### अस्पताल परिसर में दौड़ाई नई कार एम्बुलेंस समेत कई वाहनों को मारी टक्कर

**शहडोल।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा की वजह अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अभिषेक मिश्रा बने हैं, जिन्होंने कथित रूप से नशे की हालत में अपनी नई नवेली टाटा सेरा कार से अस्पताल परिसर में जमकर उत्पात मचाया, डॉक्टर की लापरवाही और तेज



रफ्तार ड्राइविंग से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टर अभिषेक मिश्रा हाल ही में नई टाटा सेरा कार लेकर आए हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें अभी वाहन चलाने का ज्यादा अनुभव नहीं है, इसके बावजूद वे कथित तौर पर नशे की हालत में अस्पताल परिसर में कार दौड़ाते रहे, इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी, इतना ही नहीं वहां खड़े अन्य वाहनों को भी कार से ठोकर मार दी, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डॉक्टर अस्पताल परिसर में काफी देर तक कार इधर-उधर दौड़ाते रहे, इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने किसी तरह खुद को बचाया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था, गनीमत रही कि उस समय आसपास मरीज या ज्यादा संख्या में लोग मौजूद नहीं थे, अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। डॉक्टर अभिषेक मिश्रा पहले भी कई बार नशे की हालत में अस्पताल परिसर में हंगामा करते देखे जा चुके हैं। उनके उत्पात के कई वीडियो भी सामने आ चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा। अब सवाल यह उठ रहा है कि मरीजों की सेवा के लिए नियुक्त जिम्मेदार डॉक्टर यदि खुद इस तरह की हरकत करेंगे तो अस्पताल की व्यवस्था और मरीजों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

## युवती से गैंग रेप करने वाले मुख्य सूत्रधार सहित 3 आरोपी गिरफ्तार रिश्ते में है मामा भांजे

छतरपुर।

सिटी कोतवाली अंतर्गत बस स्टैण्ड क्रमांक दो से 15-16 मई की दरम्यिानी रात एक नाबालिग युवती का अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम देने के बाद बस स्टैण्ड पर पुनः छोड़ देने बाले 3 आरोपियों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी रिश्ते में मामा भांजे है। इस घिनौनी घटना को अंजाम देने वाला मुख्य सूत्रधार रवि कुशवाहा निवासी डिगरिया था। 15-16 की दरम्यिानी रात पुलिस की गश्ती दल को एक नाबालिग लड़की बदहवाशी हालत में मिली जिसे पुलिस महिला थाने ले जाकर काउंसिलिंग की तो काउसिंलिंग के दौरान नाबालिग युवती ने अपने साथ हुई दरिंदगी बताई उसने सभी को शर्मसार कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्वंय घटना स्थल का निरीक्षण किया, जहां से युवती को अगवा किया गया था। पुलिस ने कई जगह लगे सीसीटीबी कैमरों से फुटेज खंगाले तो स्थिति साफ हो गई कि आरोपी रबि कुशवाहा ने अपने दोनों भांजो अरविन्द्र कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा के साथ मिलकर इस तरह की घिनौनी हरकत करने की योजना बनाई थी। और तीनों स्कूटी में सबार होकर बस स्टैण्ड ईलाके में पहुंचे जहां देर रात उन्हें एक नाबालिग युबती दिख गई नाबालिग युबती दिखते ही तीनों आरोपियों ने अपनी योजना को अमलीजामा पहनाने का ताना बाना बुना और उन्होंने उस नाबालिग लड़की को चोरी की रिपोर्ट करने की धमकी दी और अपने साथ चलने के लिए कहा लेकिन जब लड़की तैयार नहीं हुई तो उसे जबरन स्कूटी में बैठाकर पठापुर रोड़ पर बुन्देलखड सिटी के पीछे अरविन्द्र कुशवाहा के मकान में ले गए और वहां सुनसान ईलाके में आरोपी रबि कुशवाहा, अरविन्द्र कुशवाहा, और रविन्द्र कुशवाहा ने सारी मर्यादाओं को लांघते हुए लड़की के साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज ग्रामीणों ने बुलडोजर कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कलबोडी सुकतरा स्थित सुकतरा-बदलपार मार्ग पर हवाई पट्टी से लगे होटल शांति वन में कथित संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद शनिवार को क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने होटल पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुरई पुलिस मौके पर पहुंची और होटल में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। ग्रामीणों का आरोप है कि होटल में लंबे समय से अनैतिक एवं संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल के आसपास आबादी एवं शैक्षणिक संस्थान होने के कारण युवाओं पर इसका गलत असर पड़ रहा था।

ग्रामीणों ने मौके पर तीन जोड़ों को पकडक़र पुलिस के हवाले किया। मामले में एक नाबालिग बालिका से जुड़ा गंभीर मामला सामने आने के बाद पुलिस ने होटल संचालक सहित अन्य आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। होटल में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा पूरे मामले की जांच जारी है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**एसडीओपी ने दी जानकारी**

बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि अनुसूचित जनजाति की नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर रिसॉर्ट ले जाया गया, जहां उसे नशीले पदार्थ का सेवन कराकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए गए।

पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 64(1), 64(द्व), 137(2), 3(5), पॉक्सो एक्ट की धारा 3 एवं 4 तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1), 3(2)(1ड्ड) के तहत अपराध दर्ज किया है।

**ये आरोपी बताए गए**

अंकित सनोडिया, होटल संचालक, उम्र 23 वर्ष, निवासी डूंडासिवनी जिला सिवनी, सचिन उईके, उम्र 17 वर्ष, निवासी ग्राम साल्हे थाना कुरई, आशीष उर्फ आशु परते, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम साल्हे थाना कुरई।

## 10 साल की पंडिताई की कमाई 10 मिनट में जलकर खाक



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठेवरा में गैस सिलेंडर में आग लगने से एक परिवार की वर्षों की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख हो गई। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित अशोक चौबे ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार अशोक चौबे किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने महाराजपुर गए हुए थे, जबकि घर पर उनकी माताजी और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही घर में बंधे गाय-भैंस सहित अन्य जानवरों को भी बचाया गया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक करीब 7 लाख रुपए नकद भी आग की भेंट चढ़ गए, जिनमें लगभग 3 लाख रुपए उनकी बहन के लिए रखे गए थे। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तत्कालीन एसडीएम, नायब तहसीलदार और पटवारी का पूरा कुनबा नापेगा जेल

# सरकारी ज़मीन पर 400 करोड़ के सरकारी डकैत

### बीएनएस की संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की ठोस सिफारिश

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी से प्रशासनिक सांठ-गांठ और बेखौफ भ्रष्टाचार का एक ऐसा हैरान करने वाला महाघोटाला सामने आया है, जिसने पूरे सरकारी तंत्र को हिलाकर रख दिया है। यहाड्ड के खड़हूली गांव में मवेशियों के चरने वाली गैर हकदार चरनोई की करीब 10 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन को राजस्व अधिकारियों ने आपस में बंदरबांट कर अपने ही कुनबे के नाम चढ़ा लिया। पुलिस की आधिकारिक जांच रिपोर्ट में अब इस महालूट का शब्दशः खुलासा हो चुका है।

**अरबों की सरकारी मलाई**

ब्योहारी तहसील के खड़हूली और नौढिय़ा क्षेत्र में स्थित यह सरकारी जमीन शासकीय अभिलेखों में मध्य प्रदेश शासन के अधीन गैर हकदार चरनोई दर्ज थी। वर्तमान बाजार भाव के अनुसार, जो 890 प्रति स्क्वायर फीट या लगभग 3 लाख प्रति डिसमिल है, इस महाघोटाले का कुल आकार 400 करोड़ से कम का नहीं है। स्वयं सूबे के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पूर्व में इसकी अनुमानित शासकीय क्षति 100 करोड़ से 200 करोड़ के बीच स्वीकार करते हुए प्रमुख सचिव को जांच सौंपी थी, लेकिन प्रशासनिक दलालों और रसूखदारों के दबाव में महीनों तक फाइलें सचिवालय में धूल खाती रहीं। आम जनता के मवेशियों के लिए आरक्षित इस चारागाह भूमि की रक्षा करने में पूरा जिला प्रशासन और कलेक्ट्रेट मूकदर्शक बना रहा, जिससे भू-माफियाओं के हौसले बुलंद होते गए।

**ऐसे रचा गया षड्यंत्र**

इस महाघोटाले की काम करने का तरीका इतनी शातिराना है कि कोई भी दंग रह जाए। वर्ष 2023-24 में हल्की पटवारी नौढिय़ा के पद पर पदस्थ राजेंद्र कुमार द्विवेदी ने तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा, भुवनेश्वर सिंह, अभ्यानंद शर्मा और तत्कालीन अनुविभागीय दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार धुर्वे को अपने प्रभाव में लिया। इन सबने मिलकर शासकीय राजस्व रिकॉर्ड और खसरे में हेराफेरी की। इन अधिकारियों ने मिलीभगत करके चुपके से सरकारी रिकॉर्ड से मध्य प्रदेश शासन, गैर हकदार और चरनोई जैसे शब्दों को विलोपित (हटा) कर दिया। भूमि को रिकॉर्ड में साफ










करने के बाद, इसे पहले कुछ डमी पट्टेदारों के नाम दर्ज कराया गया और फिर आनंद-फानन में रजिस्ट्री (विक्रय पत्र) के माध्यम से पटवारी राजेंद्र द्विवेदी ने अपनी पत्नी छाया शुक्ला, माँ मांडवी द्विवेदी और अपने सगे रिश्तेदारों के नाम क्रय करवा लिया।

**अपनों में बांटी जमीन**

जांच रिपोर्ट के अनुसार, खड़हूली गांव की आराजी खसरा नंबर 153/1, 40, 119, 117, 113, 108, 164, 112, 52, 54 सहित कुल 15 किता आराजी और खसरा नंबर 199/2/2 (रकबा 1.80 हेक्टेयर जो चरनोइ हतु आरक्षित था) म बड़ पैमान पर हेरफेर किया गया। इस महालूट को अंजाम देने वाले मुख्य सूत्रधारों में तत्कालीन हल्का पटवारी राजेंद्र कुमार द्विवेदी, तत्कालीन अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) नरेन्द्र कुमार धुर्वे तथा तीन तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा, भुवनेश्वर सिंह व अभ्यानंद शर्मा शामिल हैं। इनके साथ ही तत्कालीन पटवारी प्रदीप तिवारी (हल्का छतैनी, जयसिंहनगर) ने भी इस बहती गंगा में हाथ धोया। इन अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नियों और परिजनों, जिनमें छाया शुक्ला, मांडवी द्विवेदी, दिवाकर सिंह तिवारी, लक्ष्मी रेशमा तिवारी, संदीप तिवारी, पूर्णिमा तिवारी और राजलली द्विवेदी शामिल हैं, के नाम पर करोड़ों की सरकारी भूमि दर्ज करवा दी और अब यह पूरा कुनबा इस सरकारी जमीन के टुकड़े करके बाजार में धड़ल्ले से बेच रहा है।

**न्यायालय के कड़े निर्देश**

प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई न होने के बाद, क्षेत्र के सजग और निडर नागरिक मुकेश मिश्रा पिता शेषमणि मिश्रा, निवासी ग्राम नौढिय़ा ने तमाम जान-माल के खतरों के बावजूद माननीय प्रथम श्रेणी न्यायालय ब्योहारी में एक निजी परिवाद (इस्तगासा क्रमांक 323 बी.एन.एस.एस.) दायर किया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस को जांच के कड़े निर्देश दिए। ब्योहारी थाना प्रभारी (टीआई) जो महीनों से इस मामले को टाल रहे थे, उन्हें अंततः झुकना पड़ा। पुलिस ने गहन तकनीकी और दस्तावेजी जांच के बाद 12 मई 2026 को अदालत में अपनी 5 पन्नों की विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंप दी। इस रिपोर्ट ने सारे रसूखदार अधिकारियों और भू-माफियाओं के चेहरे से मुखौटा पूरी तरह से हटा दिया है।

**संगीन धाराओं में केस**

थाना प्रभारी ब्योहारी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत की गई अंतिम जांच रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा गया है कि शिकायतकर्ता मुकेश मिश्रा द्वारा लगाए गए सभी आरोप शब्दशः और पूर्णतः प्रमाणित पाए गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट के पृष्ठ 5 पर अंतिम निष्कर्ष निकालते हुए सभी 13 नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316, 318, 335, 338, 340 और 344 के तहत मुकदमा दर्ज करने की ठोस सिफारिश की है। इनमें तत्कालीन एसडीएम नरेंद्र कुमार धुर्वे, तीन तत्कालीन नायब तहसीलदार (अमित मिश्रा, भुवनेश्वर सिंह, अभ्यानंद शर्मा) और पटवारी राजेंद्र कुमार द्विवेदी सहित उनके परिवार के 9 सदस्य शामिल हैं। लोक सेवकों द्वारा शासकीय संपत्ति पर डाका डालने का यह अपनी तरह का सबसे घिनौना और बड़ा मामला बनकर उभरा है।

# शहडोल के लाल का बॉलीवुड में डंका

### रजनी की बारात में लीड रोल से कनिष्क करेंगे धमाकेदार डेब्यू

**शहडोल।** प्रतिभा किसी बड़े शहर या गॉडफादर की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है शहडोल के माटी के लाल कनिष्क दुबे ने। अपनी कड़ी मेहनत और बेजोड़ अभिनय कला के दम पर कनिष्क ने सीधे मायानगरी मुंबई में सेंध लगाई है। नगर के जाने-माने समाजसेवी और श्री राम हॉस्पिटल के संचालक विजय दुबे के सुपुत्र कनिष्क महज़ 23 साल की उम्र में बॉलीवुड के बड़े पर्दे पर मुख्य अभिनेता के रूप में छाने को तैयार हैं। कनिष्क की इस ऐतिहासिक कामयाबी से पूरे शहडोल संभाग का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।

**29 मई को सिनेमाघरों में गूंजेगा शहडोल का नाम**

बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म रजनी की बारात आगामी 29 मई 2026 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में कनिष्क मुख्य भूमिका (लीड रोल) में नजर आएंगे। कनिष्क की यह उड़ान उन रूढ़िवादी सोच पर करारा तमाचा है जो मानते हैं कि छोटे शहरों के युवा बड़े सपने नहीं देख सकते।

**दिग्गजों के बीच बनाई पहचान**

हाल ही में कनिष्क की बॉलीवुड के दिग्गज लेखक जावेद अख्तर के साथ सामने आई तस्वीर महज एक फोटो नहीं, बल्कि विंध्य क्षेत्र के युवाओं के हौसलों की नई इबारत है। अपनी शालीनता, सादगी और संस्कारों को जीवंत रखने वाले कनिष्क आज युवाओं के रोल मॉडल बन चुके हैं। शहडोल का यह चमकता सितारा अब रुपहले पर्दे पर जलवा बिखेरने को तैयार है, जिसे पूरे अंचल की जनता का भरपूर समर्थन और दुआएं मिल रही हैं।



शिक्षा मंत्रालय ने कहा, 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली त्रुटिरहित और अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप

## सीबीएसई ओएसएम मार्किंग विवाद, शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों को दिया तोहफा

# पुनर्मूल्यांकन में नंबर बढ़े तो छात्रों की फीस माफ

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को रविवार को खारिज किया और पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपए करने की घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि अगर आपको लगता है कि आपके नंबर गलत आए हैं, तो शिक्षा मंत्रालय ने अब आपको पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की सुविधा दे रहा है। अगर समीक्षा के बाद आपके अंक बढ़ जाते हैं, तो आपका शुल्क वापस कर दिया जाएगा। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि इस पूरी प्रक्रिया में सटीकता और निष्पक्षता, दोनों ही सबसे महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला विद्यार्थियों की चिंता कम करने के लिए लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कक्षा 12वीं की 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं स्कैन की गईं और इस प्रक्रिया में सुरक्षा के तीन स्तर अपनाए गए। हालांकि, बार-बार स्कैन के बावजूद कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में लिखावट स्पष्ट नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनमें इस्तेमाल की गई स्याही



का रंग बहुत हल्का था। स्कैन के बाद भी उन उत्तरपुस्तिकाओं को पूरी तरह पढ़ने योग्य नहीं बनाया जा सका। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं हाथ से जांचने और उसी के अनुसार अंक देने के निर्देश दिए गए। 13,000 से अधिक ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं अलग से चिह्नित कर हाथ से जांची गईं और अंक प्रणाली में दर्ज किए गए। उन्होंने ने कहा, सुरक्षा स्तर और संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' के माध्यम से की गई जांच सटीक, पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। कुमार की ये टिप्पणियां छात्रों और अभिभावकों द्वारा जताई जा रही इन चिंताओं के बीच आई हैं कि कक्षा 12 में उत्तीर्ण प्रतिशत और अंकों में गिरावट का कारण ओएसएम है जिसे सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार लागू किया गया है। सीबीएसई ने छात्रों की चिंता कम करने के लिए पुनर्मूल्यांकन और उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटा दिया गया है।

### 700 की जगह 100 रुपए

संजय कुमार ने कहा, अगर छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका देखना चाहते हैं तो अब 700 रुपए की जगह सिर्फ 100 रुपए देने होंगे। सत्यापन के लिए 500 की जगह 100 रुपए और किसी खास उत्तर की दोबारा जांच के लिए 25 रुपए प्रति प्रश्न शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुनर्मूल्यांकन में अगर किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं तो उसके द्वारा चुकाया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

### सीबीएसई 12वीं कॉपी री-चेकिंग दो स्टेज में

सीबीएसई 12वीं कॉपी चेकिंग की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी- पहली आंसरशीट की स्कैंड कॉपी लेना और दूसरी वेरिफिकेशन। सीबीएसई सर्कुलर के अनुसार, पहले फेज में स्टूडेंट्स को सबसे पहले अपनी जांची हुई आंसरशीट्स की स्कैन की हुई कॉपी ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। दूसरे फेज में, उम्मीदवार या तो 'पाई गई कमियों के वेरिफिकेशन' के लिए या फिर 'उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन' के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### सत्यापन और दोबारा मूल्यांकन 26 से 29 मई

छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका में कोई गलती दिखती है, तो वे 26 से 29 मई के बीच सत्यापन या दोबारा मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने आश्वस्त किया है कि जिन गलतियों की पुष्टि होगी, उन्हें तत्काल सुधारा जाएगा। विशेषज्ञों की कमेटी जो भी निर्णय लेगी, उसके आधार पर छात्रों के अंक बढ़ या घट भी सकते हैं। बोर्ड ने बताया है कि यह नई प्रक्रिया सभी के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के मकसद से शुरू की गई है।

## दिल्ली में दो दिन के 'वर्क फ्रॉम होम' की सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ईंधन बचाने के प्रयासों में सहयोग के लिए निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों को दो दिन की 'वर्क-फ्रॉम-होम' नीति अपनाने, कार्यालय के समय में बदलाव करने और कर्मचारियों से 'कार पूलिंग' और सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## युवक को बंधक बनाकर यातनाएं, छह गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में अजमेर जिले के एक गांव में रंजिश के चलते एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे यातनाएं देने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। गगवाना गांव में जीतू नामक व्यक्ति को आरोपियों ने बंधक बनाकर पीटा, उसे जूतों-चप्पलों की माला पहनाई और पेशाब पीने के लिए विवश किया। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित का परिवार गेगल थाने पहुंचा और पुलिस कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

**खबर संक्षेप**

## 30 जून से पहले कृषि ऋण माफी योजना होगी लागू

**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि राज्य



सरकार 30 जून से पहले कृषि ऋण माफी योजना लागू करेगी, क्योंकि तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही विस्तृत चर्चा कर ली है और शेष कुछ जिलों से आंकड़े प्राप्त होने के बाद योजना को लागू किया जाएगा। फडणवीस ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा आरक्षण मुद्दे पर नए सिरे से आंदोलन के बारे में कहा कि राज्य सरकार ने समुदाय के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

## बस और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में रविवार को रोडवेज बस और एक कार की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। कार सवार सभी लोग बुटाटी धाम से दर्शन कर घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान पाली पुलिस में तैनात कांस्टेबल अमरीश पुरी, उमेश पुरी उर्फ आकाश, रुकमा देवी और नीटू के रूप में हुई है। ये सभी जोधपुर जिले के बोरूंदा क्षेत्र के निवासी थे। बस में सवार चार यात्री भी घायल हुए हैं, जिनका जोधपुर में इलाज चल रहा है। कुचेरा थाना प्रभारी हबीब खान ने बताया कि मेड़ता-कुचेरा मार्ग पर हुई यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## राजौरी में मिला तोप का गोला सेना ने किया नष्ट

**राजौरी।** जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक उच्च विस्फोटक क्षमता वाला तोप का गोला पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि नौशेरा उपमंडल के धनाका गांव के स्थानीय लोगों ने रविवार को गोले को देखा और सुरक्षा बलों को सूचना दी। इसके बाद, पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर विशेषज्ञों द्वारा गोले की तकनीकी जांच की गई। बाद में सेना की बम निरोधक इकाई ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से गोले को नष्ट कर दिया।

### यूक्रेन ने कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया

# यूक्रेन ने लिया बदला, रूस पर दागे 500 से ज्यादा ड्रोन, भारतीय सहित 4 की मौत

*रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध खतरनाक और नया अपडेट तब आया जब यूक्रेन ने 500 से ज्यादा ड्रोन के साथ रूस पर हमला कर दिया। बता दें कि इसके दो दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन में डेढ़ हजार से ज्यादा ड्रोन से हमला कर भारी नुकसान पहुंचाया था। मास्को हमले के बाद कई इलाकों में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं।*

एजेंसी ▶▶| कीव

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में 4 लोगों की मौत होने के साथ ही कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। रूस में भारतीय दूतावास ने बताया कि इस हमले में एक भारतीय मजदूर की भी मौत हो गई है। साथ ही 3 अन्य भारतीय इस हमले में घायल भी हो गए है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यूक्रेन ने कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रा-स्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया है।



### मॉस्को में अब तक का सबसे बड़ा हमला

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल से ज्यादा समय में राजधानी मॉस्को के आसपास हुआ यह सबसे बड़ा हमला है। रूस का दावा है कि इस हमले में 500 से ज्यादा ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमले के बाद कई इलाकों में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, जबकि मॉस्को क्षेत्र समेत पश्चिमी रूस के कई हिस्सों में रातभर हवाई सुरक्षा सिस्टम सक्रिय रहा।

### रूस बोला- 556 ड्रोन मार गिराए

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने 556 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। हालांकि इसके बावजूद कुछ ड्रोन अपने निशाने तक पहुंचने में कामयाब रहे, जिससे रिहायशी इलाकों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, इस हमले में तीन मौतें मॉस्को क्षेत्र में हुईं, जबकि एक व्यक्ति की जान बेलगोरोद इलाके में गई, जो यूक्रेन सीमा के करीब स्थित है।

### जेलेंस्की ने दी थी चेतावनी



यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस को कड़ी चेतावनी दी थी। दरअसल हाल ही में रूस ने कीव पर बड़ा हमला किया था, जिसमें 24 लोगों की मौत हुई थी। उसके बाद जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन के शहरों और आम नागरिकों को निशाना बनाने की कीमत मॉस्को को चुकानी पड़ेगी।

### राजधानी मॉस्को की सुरक्षा को लेकर सवाल

हालांकि यूक्रेन पहले भी रूस के अंदर ड्रोन हमले करता रहा है, लेकिन मॉस्को को सीधे निशाना बनाने वाली घटनाएं कम रही हैं। इस बार हमले की तीव्रता ने रूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। रूसी अधिकारियों ने नुकसान का पूरा ब्योरा नहीं दिया है, लेकिन शुरुआती जानकारी के मुताबिक कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया गया है।

**केरल कांग्रेस दफ्तर में हड़कंप**

# राहुल-प्रियंका, खड़गे के खिलाफ लगे पोस्टर, लिखा- वायनाड बनेगा अगला अमेठी



एजेंसी ▶▶| वायनाड

केरल के वायनाड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को निशाना बनाने वाले पोस्टर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। ये पोस्टर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ लगाए गए थे। ये पोस्टर वायनाड में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय की दीवारों और उसके पास के इलाकों में लगाए गए थे।

**फुटेज में दिखे संदिग्ध व्यक्ति की तलाश :** पुलिस को जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। इस फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवारों पर पोस्टर चिपकाते हुए नजर आ रहा है। पुलिस अधिकारी अब उस व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिशों में जुटे हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इन पोस्टरों को लगाने के पीछे किसका हाथ है।

### अज्ञात के खिलाफ मामला किया दर्ज

कलपेट्टा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि विधायक टी सिद्दीकी ने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी थी। उनकी शिकायत के आधार पर ही मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, ये पोस्टर सामने आए थे। उस समय केरल के अगले मुख्यमंत्री के चुनाव को लेकर असमंजस और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी।

### पोस्टर में सांसद प्रियंका को दी हराने की धमकी

इन विवादित पोस्टरों में वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को सीधे तौर पर धमकी दी गई थी। पोस्टरों में दावा किया गया कि अगले चुनाव में उन्हें हरा दिया जाएगा। इसके अलावा पोस्टरों में यह चेतावनी भी दी गई कि वायनाड अब अगला अमेठी बनेगा। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इन पोस्टरों के बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत इन्हें दीवारों से हटा दिया।

आतंक के आका पाक को करारा तमाचा

# सिंधु जल समझौते पर नहीं झुकेगा भारत, ठुकराया कोर्ट का फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक इंटरनेशनल कोर्ट ने सिंधु नदी के पानी के मामले में एक और फैसला सुनाया। इस फैसले में यह तय करने की कोशिश की गई कि भारत अपने बांधों में कितना पानी रोक सकता है लेकिन भारत ने इस कोर्ट को और इसके फैसले को सीधे ठुकरा दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कोर्ट ही गैरकानूनी है, इसलिए इसका कोई भी फैसला हमें मंजूर नहीं। बता दें कि पुलवामा हमले के बाद ही भारत सरकार ने इस संधि पर विराम लगा दिया था। इस फैसले से



पाकिस्तान में हाहाकार मच गया। इतना ही नहीं भारत ने कश्मीर में दो बड़े बांध बनाने शुरू किए। एक किशनगंगा (झेलम नदी पर) और दूसरा रातले (चिनाब नदी पर)। पाकिस्तान ने इन दोनों बांधों के डिजाइन पर आपत्ति जताई और कहा कि ये संधि के नियमों के खिलाफ हैं।

**पाकिस्तान ने क्या किया? :** पाकिस्तान ने 2016 में वर्ल्ड बैंक के पास जाकर मांग की कि एक आर्बिट्रेशन कोर्ट (मध्यस्थता अदालत) बनाई जाए। भारत चाहता था कि यह मामला एक 'न्यूट्रल एक्सपर्ट' के जरिए सुलझाया जाए, जैसा कि संधि में लिखा था लेकिन 2022 में वर्ल्ड बैंक ने दोनों, यानी न्यूट्रल एक्सपर्ट भी नियुक्त किया और आर्बिट्रेशन कोर्ट भी बना दी।

### बंटवारे में मिली थीं तीन-तीन नदियां

1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़ा समझौता हुआ था जिसे 'सिंधु जल संधि' कहते हैं। इसमें यह तय हुआ था कि सिंधु नदी और उससे जुड़ी नदियों का पानी दोनों देश कैसे बांटेंगे। तीन नदियां (रावी, ब्यास, सतलज) भारत को मिलीं और तीन नदियां (सिंधु, झेलम, चिनाब) पाकिस्तान को। इस समझौते में वर्ल्ड बैंक भी गवाह के तौर पर शामिल था लेकिन, पुलवामा हमले के बाद ही भारत सरकार ने इस संधि पर विराम लगा दिया था। इस फैसले से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया।

## प्रवासी भारतीयों ने दिल से किया स्वागत...



**गोथेनबर्ग (स्वीडन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को स्वीडन पहुंचे। गोथेनबर्ग हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वहां उनका स्वागत करने आए प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की। भारतीय समुदाय पीएम मोदी से मिलकर काफी उत्साहित रहा। मोदी का स्वागत संगीत प्रस्तुतियों से किया गया। एक स्वीडिश महिला ने भजन गाकर उनका स्वागत किया।

## सिक्किम में एक जून से आनंद विवाह अधिनियम होगा लागू

**नई दिल्ली।** सिख दंपतियों को अपने विशिष्ट कानूनी ढांचे के तहत पारंपरिक विवाह पंजीकृत करने में सक्षम बनाने वाला आनंद विवाह अधिनियम सिक्किम में एक जून से लागू हो जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे सिक्किम में सिख समुदाय के सदस्यों को पारंपरिक 'आनंद कारज' समारोह के तहत संपन्न विवाहों को सीधे पंजीकृत करने की सुविधा मिलेगी। पंजीकरण के उद्देश्य से, कई सिख जोड़े 1955 के हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपना विवाह पंजीकृत कराते हैं। विधि मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ''केंद्र सरकार सिक्किम राज्य में आनंद विवाह अधिनियम, 1909 के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जून, 2026 निर्धारित करती है।''

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में साफ कर दिया अपना रुख

# 'ईसीआई के चयन पैनल में सीजेआई का होना जरूरी नहीं', सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

### सीजेआई को शामिल करने की कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं

### ये पूरी तरह संसद का विधायी विकल्प है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसमें सरकार ने स्पष्ट किया है कि ईसीआई की चयन समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश या किसी न्यायिक जज को शामिल करने की कोई अनिवार्यता संविधान में नहीं दी गई है। सरकार ने कहा कि ये एक विधायी विकल्प है, न कि संवैधानिक आवश्यकता। केंद्र के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 324 (2) के तहत निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति संसद द्वारा बनाए गए कानून के अधीन राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इस संवैधानिक प्रावधान के आधार पर सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की वैधता का बचाव किया है। वर्तमान में न्यायालय के समक्ष इस नए कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं विचाराधीन हैं, जिनमें चयन पैनल की स्वतंत्रता और पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए हैं। बता दें कि वर्तमान समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

### चयन समिति का कोई विशेष ढांचा निर्धारित नहीं

केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में तर्क दिया है कि मूल रूप से संविधान में चयन समिति का कोई विशेष ढांचा निर्धारित नहीं किया गया था और इसे संसद के विवेक पर छोड़ दिया गया था। लगभग 75 साल तक देश में सरकारों के स्तर पर ही ये नियुक्तियां होती रहीं। इसके बाद साल 2023 में नया कानून बनाकर एक औपचारिक चयन समिति का गठन किया गया। इस वर्तमान समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

### आयोग की स्वतंत्रता जजों की मौजूदगी से तय नहीं होती

न्यायिक भागीदारी के मुद्दे पर अपना रुख कड़ा करते हुए सरकार ने कहा कि आयोग की स्वतंत्रता जजों की मौजूदगी से तय नहीं होती, बल्कि ये सदस्यों की कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2023 के एक फैसले में चयन पैनल में सीजेआई को शामिल करने का निर्देश दिया था। बाद में संसद ने नया कानून बनाकर सीजेआई की जगह केंद्रीय मंत्री को पैनल में शामिल कर लिया, जिसे अब अदालती चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

# शंभू टोल प्लाजा के पास संदिग्ध कैमरे लगाने वाले दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अंबाला

यहां नेशनल हाईवे पर बिना अनुमति के संदिग्ध कैमरे लगाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए-1 की टीम ने पंजाब के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील इस मामले में पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने शंभू टोल प्लाजा के पास पुल पर और नग्गल थाना क्षेत्र में बिना अनुमति के संदिग्ध कैमरे लगाए थे।

■ अंबाला पुलिस टीम को कामयाबी

आरोपियों की पहचान तरनतारन के पट्टी निवासी मनप्रीत उर्फ मन्नी और फिरोजपुर निवासी अनमोल के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इन कैमरों का फोकस दिल्ली की ओर था। टोल प्रशासन और नेशनल हाईवे के अधिकारियों से पूछताछ में ये साफ हुआ कि ये कैमरे किसी भी अधिकृत विभाग ने नहीं लगाए।

### पुलिस खोज रही मास्टर माइंड कौन है

पुलिस ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस इस बात की गहनता से तफ्तीश करेगी कि इन संदिग्ध कैमरों को लगाने के पीछे असली मास्टरमाइंड कौन है। इसके साथ ही ये भी पता लगाया जा रहा है कि क्या इन कैमरों के जरिए कोई संवेदनशील डेटा लिया जा रहा था और क्या इसके पीछे कोई पाकिस्तानी लिंक है। इन कैमरों को सुरक्षा की दृष्टि से इस गंभीर मानते हुए थाना सदर अंबाला और थाना नग्गल क्षेत्र में भी मामला दर्ज किया गया था।